प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 07.09.2025 समय : 01:00 पी.एम.

राज्य में बीते 24 घंटों में कई स्थानों पर बहुत भारी वर्षा दर्ज हुई हैं सबसे ज्यादा 21 सेंटीमीटर पानी जालौर के सांचोर में बरसां इसके अलावा सिरोही, उदयपुर, चित्तौडगढ, बांसवाडा और बाडमेर जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बरसात रिकॉर्ड की गई हैं पूर्वी राजस्थान में ज्यादातर जगह गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुई मौसम विभाग ने आज जालौर, सिरोही, बाडमेर, बालोतरा उदयपुर और आस–पास के स्थानों में तेज हवाओं के साथ कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी और एक दो जगह अत्यंत भारी बरसात के आसार जताये हैं इन जिलों में भारी बारिश की गतिविधियां कहीं–कहीं कल भी जारी रह सकती हैं इस बीच सवाईमाधोपुर और हनुमानगढ़ में आज भी रिमझिम बारिश का दौर बना हुआ हैं सवाईमाधोपुर के 17 बांधों पर चादर चल रही हैं श्रीगंगानगर में घग्घर नदी के बांध में कटाव होने से कई खेतों में पानी भर गया हैं उधर डूंगरपुर में खडगदा गांव में मोरेन नदी की रपट पर पानी का बहाव काफी तेज हो गया हैं सलूम्बर के डाया बांध में चादर चल रही हैं वहीं सवाईमाधोपुर में अतिवृष्टि से प्रभावित गांवों में मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए जल भराव वाले स्थानों पर एन्टीलार्वा गतिविधियां और फोगिंग करवाई जा रही हैं

............................................

राज्य में अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में जिला प्रभारी मंत्रियों और प्रभारी सचिवों के दौरे लगातार जारी हैं वे संबंधित अधिकारियों के साथ बारिश से उत्पन्न हालात और फसल खराबे को लेकर समीक्षा कर रहे हैं इस बीच आपदा प्रबंधन मंत्री किरोडी लाल मीणा ने कहा है कि फसल खराबे का सर्वे जल्द पूरा कर किसानों को उचित मुआवजा दिया जायेगां

............................................

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि **संडे ऑन साईकिल** अब एक आन्दोलन बन चुका हैं उन्होंने कहा कि फिट रहने और स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए 50 से अधिक सांसदों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लियां श्री मांडवीया आज नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थें उन्होंने बताया कि साइकिल पर जीएसटी 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई हैं इधर सवाईमाधोपुर में भी फिट इंडिया अभियान के तहत संडे ऑन साईकिल रैली आयोजित की गईं जिला प्रशासन प्रदूषण नियंत्रण मंडल की ओर से आयोजित इस रैली के माध्यम से लोगों को फिटनेस का संदेश दिया गयां

............................................

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आज से वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा हो रही हैं 2 हजार 129 पदों के लिए इस परीक्षा का आयोजन 12 सितम्बर तक होगां ये परीक्षा रोजाना दो पारियों में होगीं आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि परीक्षा के लिए 11 लाख 40 हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया हैं

............................................

श्रीगंगानगर में सौर ऊर्जा पंपों के प्रति किसानों का रुझान बढ़ रहा हैं जिले के किसान खेतों में सोलर पम्प स्थापित करने में अग्रणी हैं हमारे संवाददाता ने बताया कि अब तक करीब चार हजार किसान सौर ऊर्जा पंप लगवा चुके हैं

............................................

आज पूर्ण चंद्र ग्रहण हैं यह ग्रहण पूरे भारत में स्पष्ट रूप से दिखाई देगां चंद्रग्रहण रात आठ बजकर 58 मिनट से शुरू होकर दो बजकर 25 मिनट पर समाप्त होगां ये दुर्लभ खगोलीय घटना एक दशक में सबसे लंबे ग्रहणों में से एक होगीं भारतीय पंचाग के अनुसार आज भाद्रपद पूर्णिमा से श्राद्ध पक्ष की शुरूआत हो रही हैं इसकी अवधि 15 दिन रहेगीं श्राद्ध यानी पितृ पक्ष में तर्पण किये जाते हैं इसकी समाप्ति के बाद 22 सितम्बर से नवरात्र शुरू हो जायेंगें

............................................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आकाशवाणी से प्रसारित होने वाला मासिक कार्यक्रम मन की बात इस बार 28 सितम्बर को होगां यह इस कार्यक्रम की 126वीं कड़ी होगीं इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नंबर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं ये सुझाव 26 सितम्बर तक स्वीकार किए जाएंगें